एक नजर में

घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाएं, 25 हजार इनाम पाएं

राह-वीर योजना

नर्मदापुरम सड़क दुर्घटनाओं के बाद स्वर्णिम घंटा (Golden Hour) के भीतर समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश शासन द्वारा राह-वीर योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुँचाता है, तो उसे 25 हजार रूपए नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। राह-वीर बनने का अर्थ है - मानवता की मिसाल पेश करना और दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए त्वरित कदम उठाना। योजना के तहत हर वर्ष जिले से 10 सर्वश्रेष्ठ राह-वीर का चयन कर उन्हें 1 लाख रुपए तक का राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार भी दिया जाएगा। एक राह-वीर को एक वर्ष में अधिकतम 5 बार यह पुरस्कार प्रदान किया जा सकता है। योजना के तहत पात्रता: कोई भी नागरिक जो किसी गंभीर रूप से घायल व्यक्ति (सिर की चोट, स्पाइनल इंजरी, फ्रैक्चर, सर्जरी की आवश्यकता या मृत्यु की स्थिति आदि) को सड़क दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुँचाता है, वह इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकता.

ग्रामीणों ने पथरौटा विद्युत स्टेशन को घेरा

सात दिन में उचित कार्यवाही नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

नवभारत न्यूज

इटारसी, 30 जुलाई मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध नर्मदापुरम जिले में सबसे अधिक इटारसी क्षेत्र में ही हो रहा है। आज भी पथरोटा से जुड़े क्षेत्र के लोगों ने स्मार्ट मीटर के माध्यम से भारी भरकम बिल आने की शिकायत लेकर पथरोटा विद्युत सब स्टेशन पर प्रदर्शन किया और किसी भी हालत में स्मार्ट मीटर नहीं लगाने की अपनी मांग दोहरायी। पथरोटा ग्रामीणों का कहना है कि स्मार्ट मीटर के कारण उनकी कमाई का ज्यादातर हिस्सा बिजली बिल में जा रहा है जिससे उनका घर चलाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि स्मार्ट मीटर हटाकर तुरंत पुराने मीटर लगाएं और स्मार्ट मीटर लगने के बाद से अब तक के सभी बढ़े हुए बिल माफ किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो ग्रामवासी और महिलाएं उग्र प्रदर्शन करेंगी। आंदोलनकारियों का कहना है कि गांव में स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल पहले से 3 से 4 गुना ज्यादा आ रहे हैं, प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे पुराने मीटर के हिसाब से बिजली बिल जमा करेंगे। उन्होंने अपनी शिकायत कांग्रेस के नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल को बताई, जो स्वयं बिजली दफ्तर पहुंचे और अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा की। इस दौरान असिस्टेंट इंजीनियर सतीश पटेल ने आश्वासन दिया कि अगर कहीं गड़बड़ी पाई जाती है, तो मीटर बदल दिए जाएंगे। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आम उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ और स्मार्ट मीटर को लेकर जनसामान्य में फैली भ्रांतियों को दूर करेंगे.

> स्मार्ट मीटर हटाकर तुरंत पुराने मीटर लगाएं और स्मार्ट मीटर लगने के बाद से अब तक के सभी बढ़े हुए बिल माफ किए जाएं। कार्रवाई नहीं की गई, तो होगा उग्र आंदोलन

मंडी के फ्लाईंग स्कॉट दल और व्यापारियों में हुआ विवाद

इटारसी 30 जुलाई, कृषि उपज मंडी इटारसी में आये दिन कुछ नई घटनाएं सामने आती है और कुछ को मंडी प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर दबा दिया जाता है. सूत्रों के अनुसार आज दोपहर के समय भोपाल से आये फ्लाईंग स्कॉट के रामप्रसाद गुलाईच और शिवम दोनो ने आकर मंडी परिसर में व्यापारियों की चैकिंग की शुरूआत कर दी. प्रति सप्ताह के अनुसार इस बार भी वे व्यापारियों के जिंसों में कमी निकालकर अपना रूतबा दिखाकर स्थानीय दलालों से मिलकर वे मोटी रकम लेकर चले जाते थे. पर आज रीतेश प्रवीण फर्म पर चैकिंग कर रहे थे उसी बीच उनका सौदा पटा नहीं व्यापारियों और स्कॉट वालों के बीच में विवाद शुरू हो गया. विवाद इतना अधिक बढ गया था कि मंडी की नीलामी कुछ समय तक रोकनी पडी. स्थानीय मंडी कर्मचारी तथा फ्लाईंग स्कॉट की मिलीभगत से यह खेल पिछले कई महीनों से चल रहा है. उसको ध्यान में रखकर व्यापारियों में भी गुस्सा आ गया और उन्होंने अपने नुकसान की परवाह किये बगैर मंडी सचिव से शिकायत की. इस संबंध में मंडी सचिव रामदास इबने ने बताया कि भोपाल से आये बेयर हाउस के स्काट और व्यापारियों के बीच विवाद बढ गया था उसे हमने शांत कराकर नीलामी शुरू कराई.

नर्मदा डेंजर जोन के पार हुई

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम 30 जुलाई, नर्मदा नदी खतरे के निशान तक पहुंच गई है. प्रशासन अपने दल बल के साथ नागरिकों की सुरक्षा और घटना दुर्घटना न घटे उसके लिये पूर्ण रूप से मुस्तैद नजर आ रहा है. बरगी और तवा के गेट खुले होने से नर्मदापुरम में नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन तवा के गेट कम करने से थोडी राहत महसूस हुई थी लेकिन जबलपुर के बरगी बांध से आ रहे पानी के प्रवाह को रोकना मुश्किल हो रहा है इस कारण नर्मदा नदी खतरे के निशान के उपर पहुंचने में कुछ ही समय बाकी है.

आज सुबह बांध का जलस्तर 7 बजे 1159.50 था, जो जुलाई के गवर्निंग लेबी से करीब डेढ़ फिट अधिक है। बांध के 3 गेट 5 फिट तक खुले हैं जिनसे 23790 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है जबकि एचईजी को बिजली बनाने के लिए 3600 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। इस तरह से तवा नदी में कुल 27390 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध में 80.70 फीसद जल भराव है। ऊपर पहाड़ों पर और तवा बांध के जलभराव क्षेत्र में बारिश पर बांध के गेटों की बढ़ाने या घटाना निर्भर करेगा। पिछले चौबीस घंटे में जिले में 53.4 मिमी और अब तक कुल 870.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। नर्मदापुरम में 50.4 मिमी, सिवनी मालवा 39, इटारसी 37.8, माखननगर में 48, सोहागपुर में 53, पिपरिया 83, बनखेड़ी 89.6, पचमढ़ी 38 और डोलरिया में 41.3 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई है नर्मदापुरम में 934.6 मिमी, सिवनी मालवा 777, इटारसी 779, माखननगर में 555, सोहागपुर में 987, पिपरिया 919, बनखेड़ी 1089.4, पचमढ़ी 1158.2 और डोलरिया में 634 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई है।

सेंड ज्यूड्स स्कूल में हुआ बाल केबिनेट का गठन

खिरकिया । नगर की प्राचीन और नामी संस्थाओं में शुमार सेंड ज्यूडस स्कूल छिपाबड में एक कार्यक्रम आयोजित कर बाल केबिनेट का गठन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डाक्टर ब्रज विश्नोई व स्कूल प्राचार्य डाक्टर फ़ादर सोलोमन द्वारा दीप प्रज्वलित कर की । स्कूल केबिनेट में हेड बाय अथर्व शर्मा,असिस्टेंड हेड बाय आशय गोर, हेड गर्ल छबी पांडे, असिस्टेंट हेड गर्ल दिव्यांसी राजपूत क्लचर मिनिस्टर तरीशी गुप्ता, डिसिप्लिन मिनिस्टर प्रथा अग्रवाल, विदुषी राजपूत , स्पोर्ट्स मिनिस्टर युवराज राजपूत, ब्लू हाउस कैप्टन दीपेश तिवारी, व्हाइस केप्टन माधुरी विश्नोई, ग्रिन हाउस कैप्टन वैभव जेंन, अवनी राजपूत,रेड हाउस कैप्टन सत्यम अग्रवाल थे.

नपा टीम ने पुलिस के साये में तोड़ा जर्जर मकान

> कोर्ट ने भूमि मालिक को दुकानदार को खुद या किसी के द्वारा न हटाने का आदेश दिया था। लेकिन भवन पूरी तरह जर्जर होने के कारण जनहित में इसे तोड़ा गया।

नवभारत न्यूज

हरदा, 30 जुलाई शहर के मुख्य बाजार घंटाघर के पास स्थित एक पुराना जर्जर मकान को बुधवार को नगर पालिका ने तोड़ा।

नपा की टीम ने यह कार्रवाई पुलिस को बुलाकर की । क्योंकि जर्जर मकान में दुकान चलाने वाले व्यापारी ने कहा कि मेरे पास कोर्ट का सटे ऑर्डर है। ऐसा कह कर नपा सीएमओ और तहसीलदार से बहस करने लगा। विवाद बढ़ने पर प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ी। इसके बाद नगर पालिका के कर्मचारियों ने दुकान में रखा सामान बाहर निकाला। इस कार्रवाई पर नपा सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि कोर्ट ने भूमि मालिक को दुकानदार को खुद या किसी के द्वारा न हटाने का आदेश दिया था। लेकिन भवन पूरी तरह जर्जर होने के कारण जनहित में इसे तोड़ा गया। सीएमओ श्री पाटीदार ने बताया कि कलेक्टर के आदेश पर शहर के सभी जर्जर भवनों को तोड़ा जा रहा है। बाजार में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए इस पुराने भवन को गिराया जा रहा है।

नवांकुर सखी योजना अंतर्गत लोकगीत

सोहागपुर, 30 जुलाई मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के राज कार्यालय के आदेश अनुसार नव अंकुर सखी योजना के अंतर्गत ग्राम छेड़का मे हरियाली कलश यात्रा निकाली और गांव की महिलाओं ने लोकगीत का आयोजन किया हिसाब कर पर मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय समन्वयक कौशलेश तिवारी जी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी जी बिछुआ ग्राम के पूर्व सरपंच रामखेलावन की एवं विशाल गोलानी जी नवांकुर संस्था के प्रमुख संदेश मिश्रा एवं गजेंद्र ठाकुर कमल क्लास सचिन विश्वकर्मा पलाव परामर्शदाता मंजू मैडम श्याम सिंह मीणा पूर्व सरपंच ग्राम छेड़का रेवती बाई सुष्मिता बाई मुकेश टेकाम आदि ग्राम वासी मौजूद थे.

यूरिया खाद की कमी से परेशान क्षेत्र का किसान

नवभारत न्यूज

सिराली, 30 जुलाई वर्तमान समय में सिराली तहसील सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में यूरिया खाद की भारी किल्लत देखी जा रही है। किसान दिनभर खाद वितरण केंद्रों के बाहर लंबी-लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं, लेकिन फिर भी उन्हें निराशा हाथ लग रही है। क्षेत्र में मक्का की बुआई बड़े पैमाने पर हुई है और इस फसल के लिए यूरिया आवश्यक होता है। समय पर खाद न मिलने से किसानों में भारी चिंता का माहौल है। खाद वितरण केंद्रों पर रोजाना सैकड़ों किसान सुबह से ही लाइन में लग जाते हैं। कई बार तो दिनभर इंतजार करने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। स्थानीय किसान शिवराज पटेल का कहना है कि सुबह से लाइन में लगे थे, लेकिन जब नंबर आया तब तक यूरिया खत्म हो चुका था। खेती के इस अहम समय में खाद न मिलना हमारे लिए बहुत बड़ा संकट है।

मक्का का बढ़ा रकवा बना कारण - इस वर्ष क्षेत्र में मक्का की खेती का रकवा काफी बढ़ा है। जलवायु अनुकूल रहने और बाजार में मक्का के अच्छे दाम मिलने की उम्मीद में किसानों ने बड़े पैमाने पर मक्का की बुआई की है। मक्का की अच्छी पैदावार के लिए यूरिया का समय पर उपयोग आवश्यक है, लेकिन खाद की अनुपलब्धता ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कृषि विभाग के सूत्रों के अनुसार, मक्का की खेती में पहले छिटकाव और फिर टॉप ड्रेसिंग के तौर पर यूरिया की जरूरत होती है। लेकिन वर्तमान में यूरिया की सीमित आपूर्ति के कारण यह आवश्यक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिससे फसल पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। सिराली तहसील से लगे वनांचल क्षेत्रों के आदिवासी किसान इस संकट से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इन क्षेत्रों में खाद विक्रय केंद्रों की दूरी अधिक है और आवागमन के साधन सीमित हैं। कई किसान खाद लेने के लिए कई किलोमीटर दूर से आते हैं, लेकिन जब तक वे केंद्र पर पहुंचते हैं तब तक स्टॉक समाप्त हो चुका होता है। आदिवासी किसान गोविंद धुर्वे बताते हैं, हम लोग जंगल के किनारे से आते हैं। आने-जाने में आधा दिन निकल जाता है और फिर भी यूरिया नहीं मिलता। अब मक्का की फसल पीली पड़ रही है। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन शीघ्र यूरिया खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करे ताकि किसान परेशान न हो.

सफाई कर्मचारियों को रेनकोट वितरित

नवभारत न्यूज

खिरकिया, 30 जुलाई नगर परिषद कार्यालय खिरकिया में निकाय के सफाई सफाई कार्य करने वाले कर्मचारियों की स्वास्थ संबंधी सुविधा व बारिश के दोरान उनको होने वाली तकलीफों को ध्यान रख बारिश से बचाने हेतु नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंद्रजीत महेन्द्र सिंह खनुजा वार्ड क्र. 01 पार्षद श्रीमती फुलवती बाई उईके, वार्ड क्र. 9 पार्सद श्रीमती पुष्पा अनिल जैन व मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र शर्मा द्वारा सफाई मित्रों को रेनकोट वितरित किय गये . इस दौरान वार्ड जमांदार एवं सभी महिला स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे निकाय द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में निकाय 51 रेंक आने पर अध्यक्ष महोदया एवं मुख्य नगर पालिका अधिक द्वारा सभी सफाई कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया साथ ही उनसे नगर की सफाई व्यवस्था में और अधिक सहयोग की बात कहते हुए आगामी वर्ष में रैंक में और सुधार की आशा व्यक्त की। इंद्रजीत कोर द्वारा नगर की जनता से भी सफ़ाई व्यवस्था मनाने में सहयोग की बात कहते हुए घरों व दुकानों के बाहर कचरा न फैलाते हुए डस्टबिन में एकत्र कर कचरा वाहन में डालने की अपील की ।

नशा मुक्ति जनजागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न

हरदा मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत बुधवार को पुलिस कण्ट्रोल रूम हरदा में नशा मुक्ति जनजागरूकता समापन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ''नशा मुक्त समाज का निर्माण करने की पहल की गई। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, ग्राम नगर रक्षा समिति सदस्य, कॉलेज एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं, पुलिस विभाग के कर्मचारी आदि शामिल हुए।

लोकसेवा केंद्र माखननगर के विरूद्ध 1500 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/30,जुलाई,2025/ जिला प्रबंधक, लोक सेवा आनंद झेरवार द्वारा 16 मई 2025 को लोक सेवा केंद्र माखननगर का निरीक्षण किया गया और लोक सेवा केन्द्र में पाई कमियों के संबंध में संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संचालक लोक सेवा केंद्र माखननगर द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं होने के कारण विभिन्न प्रकार की कमियों की पुष्टि होती है। त्र्त्नक्रमें निहित प्रावधानों के अंतर्गत लोक सेवा केंद्र का संचालन नहीं करने पर शेखर एसोसिएट, रीवा संचालक, लोक सेवा केंद्र माखननगर के विरुद्ध राशि रूपए 1500 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। शेखर एसोसिएट, रीवा, संचालक, लोक सेवा केंद्र माखननगर को आरोपित राशि अधिरोपित शास्ति मद में जमा कराना होगा। उक्त अर्थदंड की राशि नियत समय सीमा में जमा नहीं कराने और पुन: अनियमितता पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार लोक सेवा केंद्र नर्मदापुरम की निविदा निरस्त की जाएगी.

शिक्षा मंत्री से मिले हॉकी संघ के अध्यक्ष

इटारसी. बुधवार को हॉकी नर्मदापुरम के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से सौजन्य भेंट की। श्री सिंह ने राजेंद्र सिंह तोमर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और जिले में हॉकी के उज्जवल भविष्य की कामना की । उन्होंने आशा व्यक्त कि श्री तोमर के नेतृत्व में हॉकी नर्मदापुरम क्षेत्र में हॉकी की गौरव शाली परम्परा को बनाए रखेगी। श्री तोमर ने कहा कि उदय प्रताप जी ने सदैव ही जिले में हॉकी और खिलाड़ियों को अपना सहयोग और आशीर्वाद दिया है और भविष्य में भी हर तरह से सहयोग देने का आश्वाशन दिया है। इस अवसर पर हॉकी संघ के अनेक सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती कलाबाई पत्नी मोहनलाल सरियाम निवासी वार्ड क्रमांक 04 ग्राम भट्टी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म0प्र0 की निवासी हूँ मेरे नाम पर पंजाब नेशनल बैंक मेड लाईफ में एक मनीबेक पालिसी है जिनका कमांक 22018853 जारी दिनांक 18 .10 .2016 में मेरा नाम कलाबाई पुत्री विसराम अंकित है विवाह उपरान्त मेरा नाम श्रीमती कलाबाई पत्नी मोहनलाल सरियाम हो गया है जो मेरे आधार कार्ड वोटर आई0डी0 में दर्ज है बीमा पॉलिसी में दर्ज नाम कलाबाई पुत्री विश्राम एवं आधार कार्ड वोटर आई0डी0 में दर्ज नाम कलाबाई पत्नी मोहनलाल सरियाम दोनों एक ही व्यक्ति याने मेरे नाम है मेरे द्वारा सूचना का प्रकाशन पी0एन0बी0 मेडलाईफ मनी बैंक बीमा पॉलिसी से मेरे नाम के संबंध में स्पष्टीकरण के संबंध में किया जा रहा है। इस संबंध में मेरे द्वारा शपथ पत्र भी निष्पादित कर प्रस्तुत किया जा रहा है। इटारसी.

दिनांक 30 .07 2025

भवदीय

श्रीमती कलाबाई पत्नी मोहनलाल सरियाम निवासी वार्ड कमांक 04 ग्राम भट्टी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म0प्र0 मो0 नं0 7970165602

नवागत एसडीएम ने क्षतिग्रस्त भवन के कुछ हिस्से को किया सील

नवभारत न्यूज

खिरकिया, 30 जुलाई सुश्री शिवांगी बघेल अनुविभागीय अधिकारी खिरकिया ने विगत दिवस अपना कार्यभार सम्हालने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कृषि उपज मंडी, नक्षत्र वेअर हाउस, अंबेडकर भवन, संजीवनी क्लीनिक, शासकीय कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया इस दोरान तहसीलदार खिरकिया श्रीमती लवीना घाघरे, सीएमओ नगर पंचायत महेंद्र शर्मा, पटवारी अविनाश भारद्वाज नप इंजीनियर सिद्धार्थ सोनी उपस्तिथ रहे .

सीट वृद्धि को लेकर विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन सौंपा

पिपरिया, 30 जुलाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सीट वृद्धि को लेकर उच्चशिक्षा मंत्री के नाम पीजी कालेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौपा। शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में 25 प्रतिशत सीट वृद्धि के लिये उच्चशिक्षा मंत्री के नाम कालेज प्राचार्य डॉ.राजीव माहेश्वरी को अभा विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी सदस्यों ने ज्ञापन सौपा.

शिक्षा का मंदिर बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

नवभारत न्यूज

शोभापुर, 30 जुलाई ग्राम का सबसे उच्च शिक्षा का मंदिर कहा जाने वाला स्कूल आज एक भयंकर खंडर के रूप में दिखाई दे रहा है ।

आज ऐसा कोई भी गैर कानूनी या अनुचित कार्य नहीं जो इस शिक्षा के मंदिर में ना हो रहा हो । ग्राम निवासियों का कहना है कि एक समय इस स्कूल से ऐसे ऐसे विद्यार्थी यहां पर शिक्षा अध्ययन किए हुए हैं । जो आज संपूर्ण भारतवर्ष में ग्राम क्षेत्र एवं तहसील का नाम रोशन कर रहे हैं विदेश में अपने जिले की ध्वजा लहरा रहे हैं । परंतु आज ग्राम के मध्य में स्थित होने के बावजूद भी यह एक खंडर बन गया जिसमें सारे गलत कार्य चल रहे हैं । वर्तमान में आज जहां पर कन्या शाला का निर्माण हुआ है वहां पर बच्चिया अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही हैं मनचलों की कहानी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है । संपूर्ण सुविधा होने के बावजूद भी इस स्थान से आखिरकार क्यों शिक्षा को हटाकर इसे खंडर बनने दिया ।

मिनी दंगल का आयोजन हुआ

पिपरिया ग्राम हथवांस मैं नाग पंचमी उत्सव एवं मिनी दंगल का आयोजन किया गया। हथवांस में आयोजित दंगल कार्यक्रम के आयोजक भानु विश्वकर्मा एवं ललित विश्वकर्मा ने बताया कि नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, राजा भैया पटेल आदि उपस्थित रहे।

कावड़ यात्रा निकली

पिपरिया साडिया नर्मदातट पर निकली कांवड यात्रा अर्द्धनारेश्वर महादेव मंदिर में कांवडियो द्वारा जलाभिषेक किया गया। श्रावण मास के दौरान भगवान शंकर की आराधना और भक्ति के लिये समाज में शिवजी के प्रति धार्मिक आस्था को देखते हुए गांधीवार्ड अयोध्याबस्ती स्थित अर्द्धनारेश्वर महादेव मंदिर के संस्थापक नायक परिवार द्वारा कांवड यात्रा का आयोजन किया गया। पं.नितिन मिश्रा,महेश शर्मा के नेतृत्व में शाडिल्य ऋषि की तपोभूमि साडिया नर्मदातट पर कांवड का वैदिक विधिविधान से पार्थिव शिवलिंग बनाकर एवं मंत्रो उच्चारण से पूजन अर्चन किया.

मूंग तुलाई में भेदभाव करने से गुस्साए किसानों ने एनएच-22 पर किया जाम

नवभारत न्यूज

शोभापुर, 30 जुलाई जैसा कि सभी को ज्ञात है संपूर्ण प्रदेश में मूंग खरीदी का कार्य निरंतर जारी है जिसके चलते ग्राम शोभापुर के अंतर्गत आने वाली गणेश वेयरहाउस में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर किसानों का गुस्सा बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है । जानकारी के अनुसार किसानों ने गणेश वेयरहाउस से लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर स्थित एम एच 22 हाईवे मार्ग पर जाम लगाते हुए प्रशासन से गुहार लगाई है कि गणेश वेयरहाउस समिति द्वारा । हमारे साथ निरंतर भेदभाव किया जा रहा है । एवं टोकन के रूप में लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं । किसानों ने बताया कि हर दिन समिति द्वारा कोई ना कोई नया नियम निकाल दिया जाता है लगभग हम सभी किसान 10 या 12 दिन से अपनी फसल मूंग को क्रय करने के लिए लाइन में लगे हुए हैं परंतु समिति द्वारा लेनदेन करते हुए जो भी नए व्यक्ति आ रहा है उसकी मूंग सर्वप्रथम तुलाई के लिए अंदर ली जा रही है ।

आखिरकार यह भेदभाव हमारे साथ क्यों । किसानों द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि समिति संचालक द्वारा कहा गया है कि जिन जिन व्यक्तियों के स्टॉल हो चुके हैं एवं जिनकी डेट निकल गई है उनकी मूंग नहीं ली जाएगी जिस पर किसानों द्वारा अधिकारियों से मांग की गई अगर ऐसा होता है तो हम लोगों को 10 या 12 दिन से परेशान क्यों किया जा रहा है । जब पैसे ले देकर ही काम हो सकता था तो हमें इस तरह लाइन में क्यों लगाया गया । इन सभी विषयों को लेकर किसान आंदोलन के रूप में मुख्य हाइवे पर बैठ गए लगभग 30 से 35 मिनट बाद नायब तहसीलदार नीरू जैन किसानों के बीच पहुंची, उसके कुछ समय बाद एसडीएम अनिल जैन किसानों के बीच पहुंचे एवं उनकी समस्या को सुनते हुए आश्वासन दिया गया कि आप सभी किसानों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है आपकी फसल की जरूर तुलाई होगी इतना सुनते ही किसानों ने अपने आंदोलन को समाप्त किया ।

खण्डन आम सूचना

मेरी पक्षकार पूनम शर्मा पत्नी हनुमंत प्रसाद शर्मा, पुत्री स्व. राम रतन निवासी ग्राम तीखड़ के स्वामित्व व कब्जे की कृषि भूमि ख.नं. 385/5 रकवा 0.546 हेक्टेयर होकर राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त भूमि के संबंध में रमेश थापक आत्मज स्वर्गीय श्री राम रतन थापक, निवासी तीखड़ हाल मुकाम इन्दौर द्वारा मिथ्या तथ्यों के आधार पर अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23.07.2025 को दैनिक समाचार पत्र में आम सूचना का प्रकाशन कर यह झूठे तथ्य प्रगट किये कि मेरी पक्षकारा द्वारा रमेश थापक के पक्ष में उपरोक्त भूमि का दान पत्र वर्ष 2006 में निष्पादित कर कब्जा सुपुर्द किया, इसलिए पूनम शर्मा को उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई भी हस्तांतरण /अनुबंध पत्र विलेख निष्पादित करने का अधिकार नहीं है। जबकि वास्तविक तथ्य है कि मेरी पक्षकारा पूनम शर्मा का उपरोक्त भूमि पर स्वामित्व एवं भौतिक कब्जा है तथा उन्होंने रमेश थापक के पक्ष में दान पत्र का निष्पादन कभी नहीं किया है। तथा मेरी पक्षकारा को उपरोक्त भूमि का उपयोग उपभोग तथा अन्य समस्त विधिक अधिकार उपलब्ध है और यदि किसी व्यक्ति के पास उपरोक्त भूमि के स्वत्व संबंधी दस्तावेज है तो वह मेरी पक्षकारा को और मेरे कार्यालय में अथवा मेरे मोबाईल नंबर पर वाटसप दस्तावेज प्रेषित कर अपना पक्ष रखें एवं समाचार में प्रकाशन का खण्डन 03 दिवस में करें। ऐसा न किये जाने की दशा में मेरी पक्षकार संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है, सूचना जाने ।

दिनांक 30 .07 .2025

भवदीय

पारस जैन, अधिवक्ता ,सराफा बाजार, इटारसी

मो - 9827240301

In The Court of III Additional District Judge, Itarsi, District Court Hoshangabad

Presiding Officer: श्री आदित्य रावत

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु

(MJC GW/0000008/2025)

प्रीति भदौरिया............वादी

Vs

स्टेट म.प्र.द्वारा कलेक्टर नर्मदापुरम...प्रतिवादी

Process Id-/2025

पेशी दिनांक- 04/09/2025

प्रेषिती-

(1) सर्वसाधारण पिता सर्वसाधारण पता- इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र

यह कि प्रार्थी प्रीति भदौरिया ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 08 हिन्दू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 29 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश

श्री आदित्य रावत

तृतीय जिला न्यायाधीश इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र.

टिप्पणी:-आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 08 अप्राप्तवयता और संरक्षकता

कृपया ध्यान दें 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।